## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य के तीन लोकसभा सीटों–चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में कल हुए चुनाव के दौरान तिरसठ दशमलव शून्य–नौ प्रतिशत हुआ मतदान, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में अरसठ दशमलव तीन–शून्य प्रतिशत पड़े वोट।
- झारखंड में बाकी बचे दो चरणों के लिए चुनाव प्रचार तेज, आज बोकारो में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जमशेदपुर में अरविंद केजरीवाल करेंगे चुनावी जनसभा, कल रांची और गोड्डा में प्रियंका गांधी की होगी चुनावी रैली।
- सीबीआई ने ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड राजमहल परियोजना के तीन अधिकारियों को पचहत्तर हजार रूपए रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
- बंगाल की खाड़ी में बन रहा है निम्न दबाव, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 24 मई से हल्के एवं मध्यम दर्जे की बारिश की जतायी संभावना।
- टाटा स्टील एडवेंचर फाउडेंशन की 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने एवरेस्ट फतह कर किया कीर्तिमान स्थापित।

******************

देश में पांचवें और झारखंड में कल हुए दूसरे चरण के चुनाव के लिए राज्य के तीन लोकसभा सीट– चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में शाम पांच बजे तक कुल तिरसठ दशमलव शून्य–नौ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में अरसठ दशमलव तीन–शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। चतरा लोकसभा सीट के लिए कुल तिरसठ दशमलव शून्य–तीन प्रतिशत, हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए चौंसठ दशमलव पांच–एक प्रतिशत और कोडरमा लोकसभा सीट के लिए इकसठ दशमलव नौ–शून्य प्रतिशत मतदान हुए। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह शांतिपूर्ण, स्वच्छ और पारदर्शी मतदान संपन्न हुआ।

******************

झारखंड में बचे दो चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। आज बोकारो में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। दिन के करीब एक बजे बोकारो में उनकी जनसभा होगी। वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रांची और गोड्डा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में एक जनसभा करेंगी।
इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को साहिबगंज लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करने लिट्टिपाड़ा आएंगे। उनका दुमका लोकसभा में भी आने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

******************

सुप्रीम कोर्ट में आज हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले कल प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में मनी लाउंड्रिंग के मामले में अंतरिम जमानत की मांग करने वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर विरोध किया। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री राज्य मशीनरी का दुरूपयोग करके मामले की जांच को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। जांच एजेंसी ने कोर्ट से कहा कि देश में चुनाव पूरे साल चलने वाली प्रक्रिया है। अगर सोरेन की प्रार्थना स्वीकार कर ली जाती है तो किसी भी राजनेता को न गिरफ्तार किया जा सकता है न ही न्यायिक हिरासत में रखा जा सकता है।

******************

हजारीबाग के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा कल मतदान नहीं करने गए। इसे लेकर पार्टी ने कारण बताओ नोटिस उन्हें जारी किया है। उनका मतदान केन्द्र सदर प्रखंड के हुपाद में था। जहां उनके पिता पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा उनकी माता नीलिमा सिन्हा ने मतदान किया लेकिन जयंत सिन्हा मतदान करने के लिए नहीं पहुंचे। दिन भर उनके समर्थक और शुभचिन्तक इंतजार करते रहें लेकिन देर शाम तक हजारीबाग मतदान करने के लिए नहीं आए। ऐसे में इसे लेकर पार्टी ने भी संज्ञान लिया है और उन्हें दो दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है।

******************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड राजमहल परियोजना के तीन अधिकारियों को पचहत्तर हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इनमें राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर बिपिन कुमार और असिस्टेंट रेवेन्यू इंस्पेक्टर पवन कुमार महतो शामिल हैं। सीबीआई को राजमहल परियोजना के लिए अधिकग्रहित जमीन में स्थित एक घर के मुआवजे को लेकर हैदर अंसारी नाम के व्यक्ति ने घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। इसके बाद ही सीबीआई ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की और तीनों गिरफ्तार किया।

******************

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेशमंत्री हुसैन अमीर अब्बदुल्लाहियन की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गयी है। उनके निधन पर आज झारख ंड में एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की गयी है। झारखंड सरकार की ओर से आदेश जारी किया गया है कि राज्य के वैसे सभी भवन जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं वहां राष्ट्रीय ध्वज आज आधे झुके रहेंगे।

******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आज 25 हजार से अधिक महिलाओं के साथ बातचीत करेंगे। श्री मोदी सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में मातृ शक्ति सम्मेलन के दौरान गृहणियों, डॉक्टरों, शिक्षकों, व्यवसायियों, वकीलों और खिलाड़ियों के साथ वार्ता करेंगे।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वर्ष 2023–24 के अंतिम माह मार्च के पेरोल डेटा जारी किया है। इस दौरान कुल चौदह लाख इकतालीस हजार लोग ऑनरोल हुए। इन्हें विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरियां मिलीं हैं। खास बात यह है कि इनमें सात लाख सैंतालीस हजार फ्रेशर हैं, जिन्हें मार्च के दौरान पहली नौकरी मिली। इनमें ज्यादातर लोगों की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच रही।

******************

बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव का असर झारखंड में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि कल से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बन रहा है इसका असर राज्य के कई जिलों में 24 मई से होगा। कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। राज्य में 25 मई को चार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव भी होना है।

इस दिन भी मौसम का मिजाज बदल सकता है और बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि आज और कल उत्तर–पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार में हवा चल सकती है। इस दौरान वज्रपात भी हो सकता है।

******************

टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने एवरेस्ट फतह कर कीर्तिमान स्थापित किया है। काम्या ने कल भारतीय समय के अनुसार दोपहर बारह बजकर पैंतीस मिनट पर एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा और टाटा स्टील का झंडा लहराया। उनके इस अभियान में उनके पिता एस. कार्तिकेयन भी शामिल थे। काम्या कार्तिकेयन को टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने एवरेस्ट तक पहुंचने के लिए आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान की।

******************

आईपीएल क्रिकेट के पहले क्वालीफायर मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।
दूसरा क्वालीफायर मुकाबला इसी मैदान में कल राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

******************

अखबारों की सुर्खियां

देश के पांचवे और झारखड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल हुए मतदन की खबर को राज्य के अधिकांश अखबारों ने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है– चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में तिरसठ प्रतिशत मतदान, हर सीट पर कांटे की टक्कर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड में फिर गिरा मतदान, तिरसठ प्रतिशत वोट पड़े, यहां पिछले चुनाव से दो दशमलव चार–एक प्रतिशत कम।

हिन्दुस्तान लिखता है– ईरान के राष्ट्रपति की हादसे में मौत, झारखंड के भवनों पर आज आधे झुके रहेंगे राष्ट्रीय ध्वज।

दैनिक जागरण ने लिखा है– प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की याचिका का किया विराध, कहा–जांच प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हेमंत सोरेन।

रांची एक्सप्रेस लिखता है – मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा–हर वर्ग के लिए काम कर रही है झारखंड सरकार।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है– सूबे की तीन सीटों पर तिरसठ प्रतिशत मतदान।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने ईरान के राष्ट्रपति की हेलिकॉप्टर हादसे में हुई मौत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

******************